दिनांक : 24.02.2026 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री मोदी - इज़राइल दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन की इस्राइल यात्रा पर कल रवाना होंगे। तेल अवीव में प्रधानमंत्री इस्राइल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। इसके बाद श्री मोदी यरुशलम में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस्राइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा को ऐतिहासिक बताया है। यरुशलम में आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री जेपी सिंह ने कहा कि आतंकवाद के मुद्दे पर भारत और इज़राइल एकमत हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संकट के समय दोनों देश एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं।

निर्वाचन आयोग गोलमेज सम्मेलन

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने देश में त्रुटिरहित मतदाता सूची पर जोर देते हुए कहा कि यह किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला है। श्री कुमार ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

प्राइस सपोर्ट स्कीम

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के किसानों के लिए एक बड़ी राहत भरी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने बताया है कि मध्यप्रदेश में चना, मसूर और तुअर की फसलों को 'प्राइस सपोर्ट स्कीम ' (PSS) के तहत खरीदने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज दिया गया है।

सत्र के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि उड़द उगाने वाले किसानों को सरकार ₹600 प्रति क्विंटल की बोनस राशि प्रदान करेगी।

सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मौजूदगी में आज उज्जैन में 'ग्रामीण डाक सेवक सम्मेलन' आयोजित किया जा रहा है। सम्मलेन में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी शामिल होंगे । कार्यक्रम में प्रदेश के लगभग 7 हजार ग्रामीण डाक सेवक शामिल हो रहे हैं। केंद्रीय मंत्री सिंधिया न केवल उत्कृष्ट कार्य

करने वाले सेवकों को सम्मानित करेंगे, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग और बीमा सेवाओं को घर-घर पहुँचाने के लिए नया विजन भी साझा करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर और जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट भी मौजूद रहेंगे।

रेलवे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल रेलवे स्टेशन से भोपाल-धनबाद/चोपन एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह नई रेल सेवा न केवल मध्य प्रदेश को झारखंड और उत्तर प्रदेश से सीधे जोड़ेगी, बल्कि व्यापार और कनेक्टिविटी को भी नई ऊँचाई देगी। इस गौरवशाली अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे।

रोजगार मेला

ग्वालियर के युवाओं के लिए आज का दिन उम्मीदों भरा है। शहर के जिला रोजगार कार्यालय में आज 'अप्रेन्टिसशिप युवा संगम एवं रोजगार मेला ' शुरू है। इस मेले में 15 से अधिक नामी कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। अच्छी बात यह है कि यहाँ 10 हजार से लेकर 45 हजार रुपये तक के आकर्षक वेतनमान पर सिक्योरिटी गार्ड, ऑफिस मैनेजमेंट, सेल्स एग्जीक्यूटिव और ट्रेनी जैसे पदों पर सीधी भर्ती की जा रही है। युवा रोजगार कार्यालय पहुँचकर इसका लाभ उठा सकते हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- नीमच में रबी समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर के उपार्जन के लिये पंजीयन दिनांक 20 फरवरी से 16 मार्च तक करा सकते है।
- शिवपुरी जिले में कल बारिश और ओलावृष्टि के बाद कई गांव में फसलें प्रभावित हुई हैं।
- आगरमालवा में आज क्षीरधारा ग्राम योजना के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु पशुपालन विभाग के अधिकारियों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई।
- नीमच में संकल्प से समाधान अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत निशक्तजनों की पहचान कर उन्हें निशक्तता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए शिविर आयोजित किया गया।